कुल प्रश्नों की संख्या : 27]
Total No. of Questions : 27]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 15
[Total No. of Printed Pages : 15

# 2112316

## विषय : भूगोल
## Subject : Geography

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 100
[Maximum Marks : 100

***निर्देश:*** (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, इसमें चार खण्ड हैं। खण्ड-अ, ब, स, द। प्रत्येक खण्ड में पाँच प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1-1 अंक आबंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।)

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।)

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।)

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 व 25 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

(उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।)

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

(उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।)

(viii) प्रश्न क्रमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

***Instructions :***

(i) All questions are compulsory.

(ii) Q.No. 1 is objective type question and is divided into four parts. Section - A, B, C, D. Each Section has five questions and each question carry 1 mark.

(iii) Q.No. 2 to 13 are very short answer type questions. Each questions carries 2 marks. (Answer word limit-30 words)

(iv) Q.No. 14 to 19 are very short answer type questions. Each questions carries 3 marks. (Answer word limit-50 words)

(v) Q.No. 20 to 23 are short answer type questions. Each questions carries 4 marks. (Answer word limit-75 words)

(vi) Q.No. 24 and 25 are long answer type questions. Each questions carries 5 marks. (Answer word limit-150 words)

(vii) Q.No. 26 and 27 are long answer type questions. Each questions carries 6 marks. (Answer word limit-250 words)

(viii) Q.No. 20 to 27 have internal option.

नोट- प्रश्न क्रमांक 1 वतुनिष्ठ प्रश्न है, इसमें चार खण्ड हैं। खण्ड-अ, ब, स, द। प्रत्येक खण्ड में पाँच प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1-1 अंक आबंटित है।

**Q.No. 1 is objective type question and is divided into four parts. Section - A, B, C, D. Each Section has five questions and each question carry 1 mark.**

**( खण्ड-अ )**

**प्रश्न-1 ( अ ) सही विकल्प चुनकर लिखिए -** [1×5=5]

**(i) भूगोल की मुख्य शाखाएँ कितनी हैं -**

(अ) एक

(ब) तीन

(स) दो

(द) पाँच

**(ii) भौतिक भूगोल की शाखा है -**

(अ) मृदा भूगोल

(ब) आर्थिक भूगोल

(स) जनसंख्या भूगोल

(द) आवासीय भूगोल।

**(iii) निम्नलिखित में से कौन-सी आंतरिक आग्नेय शैल का उदाहरण है -**

(अ) ग्रेनाइट

(ब) बैसाल्ट

(स) गेब्रो

(द) स्लेट।

(iv) छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहलाता है –

(अ) राजिम

(ब) भोरमदेव

(स) सिरपुर

(द) चम्पारण।

(v) समुद्र के जलीय धरातल पर अधिकतर तरंगों का मुख्य स्रोत है –

(अ) पवन

(ब) ज्वार-भाटा

(स) भूकम्प

(द) घनत्व में अन्तर।

## ( SECTION-A)

(A) Choose and write the correct option -

(i) What are the main branches of Geography -

(a) One

(b) Three

(c) Two

(d) Five.

**(ii) Branch of Physical Geography is -**

(a) Soil geography

(b) Economic geography

(c) Population geography

(d) Settlement geography.

**(iii) Which one of the following is an example of intrusive ignous rock -**

(a) Granite

(b) Basalt

(c) Gabbro

(d) Slate.

**(iv) Chhattisgarh's Prayag is called -**

(a) Rajim

(b) Bhoramdev

(c) Sirpur

(d) Champaran.

(v) **The source of most waves on the sea surface is ..................**

(a) wind

(b) tides

(c) earthquakes

(d) density difference.

**( खण्ड-ब )**

**( ब ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** [1×5=5]

(i) समुद्री जल की औसत लवणता ............. है।

(ii) पार्थिव विकिरण में ऊष्मा विकिरण ............. से होता है।

(iii) ............. जैवमण्डल के लिए ऊर्जा का प्राथमिक स्रोत है।

(iv) पौधे खाने वाले जीवों को ............. के रूप में जाना जाता है।

(v) सूखा प्रवण क्षेत्रों में ............. पद्धति अपनाकर सूखे के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

**(SECTION-B)**

**(B) Fill in the blanks -**

(i) The average salinity of sea water is .............

(ii) Terrestrial radiation is the amount of heat radited by .............

(iii) ............. is the primary source of energy for the biosphere.

(iv) Plant eating animals are known as .............

(v) In drought prone areas the impact of drought can be minimised by adopting .............

## ( खण्ड-स )

( स ) उचित सम्बन्ध जोड़िए - [1×5=5]

| | ( अ ) | | | ( ब ) |
|---|---|---|---|---|
| (i) | बांगर | - | (अ) | श्रीहरिकोटा |
| (ii) | वायुमण्डल | - | (ब) | इन्द्रावती नदी |
| (iii) | छत्तीसगढ़ | - | (स) | पुरानी जलोढ़क |
| (iv) | पवन अपरदन | - | (द) | नाइट्रोजन गैस |
| (v) | परमाणु शक्ति केन्द्र | - | (इ) | छत्रक शैल |

## (SECTION-C)

**(C) Match the pair -**

| | (A) | | | (B) |
|---|---|---|---|---|
| (i) | Bangar | - | (a) | Shriharikota |
| (ii) | Atmosphere | - | (b) | Indrawati River |
| (iii) | Chhattisgarh | - | (c) | Old alluvium |
| (iv) | Wind erosion | - | (d) | Nitrogen gas |
| (v) | Atomic Power Station | - | (e) | Mushroom Rock. |

## ( खण्ड-द )

( द ) सत्य/असत्य बताइए - [1×5=5]

(i) भारत में जनसंख्या वृद्धि लगातार बढ़ रही है ।

(ii) भारत में सन् 1854 में रेलगाड़ी प्रारम्भ हुई ।

(iii) भिलाई एक औद्योगिक नगर है ।

(iv) बिहार सर्वाधिक साक्षर राज्य है ।

(v) भारत में 30% भूमि वनाच्छादित है ।

## (SECT\ION-D)

**(D) Write True / False -**

(i) Population growth in India is continuously increasing.

(ii) Train service started in the year 1854 in India.

(iii) Bhilai is an industrial city.

(iv) Bihar is the most literate state.

(v) 30% of the land in India is covered with forest.

नोट- **प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। ( उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है। )**

**Q.No. 2 to 13 are very short answer type questions. Each questions carries 2 marks. (Answer word limit-30 words)**

प्रश्न-2 निम्नीकरण किसे कहते हैं ? [2]

What is degradation ?

प्रश्न-3 भूगोल शब्द को परिभाषित कीजिए। [2]

Define the term Geography.

प्रश्न-4 भूकम्प से होने वाली दो हानि लिखिए। [1+1=2]

Write two damage caused by earthquake.

प्रश्न-5 वायुमण्डल किसे कहते हैं ? [2]

What is the Atmosphere called ?

प्रश्न-6 ज्वारीय वन क्या है ? [2]

What is tidal forest ?

प्रश्न-7 लवणता शब्द को परिभाषित कीजिए। [2]

Define the term salinity.

प्रश्न-8 भारत में पाई जाने वाली चार प्रकार की वनस्पतियों के नाम लिखिए। [$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2$]

Write the names of four types of vegetation found in India.

प्रश्न-9 दुर्गापुर इस्पात संयंत्र किस देश के सहयोग से स्थापित हुआ था ? [2]

In collaboration of which country the Durgapur Steel Plant was established ?

प्रश्न-10 खाद्य श्रृंखला क्या है ? [2]

What is Food Chain ?

प्रश्न-11 सुनामी किसे कहते हैं ? [2]

What is T-sunami ?

**प्रश्न-12** भारत में कम जनसंख्या घनत्व वाले दो राज्यों के नाम लिखिए। [1+1=2]

Write the name of two states having less population density.

**प्रश्न-13** जल संभर का अर्थ स्पष्ट कीजिए। [2]

Explain the meaning of Water shed.

**नोट-** **प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। ( उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है। )**

**Q.No. 14 to 19 are very short answer type questions. Each questions carries 3 marks. (Answer word limit-50 words)**

**प्रश्न-14** भारत की तीन फसल-ऋतुओं के नाम लिखिए। [1+1+1=3]

Write name of three crops-season in India.

**प्रश्न-15** ओजोन गैस का महत्त्व बताइए। [3]

Write the importance of Ozone gas.

**प्रश्न-16** वलन एवं भ्रंशन में अंतर लिखिए। (कोई तीन) [3]

Write the differences between Folding and Faulting. (any three)

**प्रश्न-17** बाढ़ को रोकने के कोई तीन उपाय लिखिए। [1+1+1=3]

Write any three measures of Flood Control.

प्रश्न-18 रेल परिवहन के दो प्रमुख लाभों का वर्णन कीजिए। [$1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$]

Describe any two major benefits of Rail Transport.

प्रश्न-19 प्राकृतिक संकट और प्राकृतिक विपदा में अंतर स्पष्ट कीजिए। [1+1+1=3]

Differentiate between natural hazard and natural disaster.

नोट- **प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। ( उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है। )**

**Q.No. 20 to 23 are short answer type questions. Each questions carries 4 marks. (Answer word limit-75 words)**

प्रश्न-20 भारत के विभिन्न प्रकार के भूमि उपयोगों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। [1+1+1+1=4]

Give a brief description of various types of land use in India.

*( अथवा )*

*( OR )*

जल संरक्षण के उपाय को समझाइए।

Explain the measures of water conservation.

**प्रश्न-21** सतत् पोषणीय विकास की परिभाषा लिखिए। सतत् पोषणीय विकास को प्राप्त करने के लिए उपाय बताइए। [1+3=4]

Define sustainable development ? Write to measures to be adopted for achieving sustainable development.

*( अथवा )*

*( OR )*

जीवोम क्या है ? जीवोम के वर्गीकरण का वर्णन कीजिए।

What is Biome ? Describe the classification of biomes.

**प्रश्न-22** वेगनर के महाद्वीपीय विस्थापन के प्रमाणों की चर्चा कीजिए। [1+3=4]

Discuss the evidences of continental drift by Wegener.

*( अथवा )*

*( OR )*

ऊर्ध्वाधर एवं क्षैतिज हलचलों में अंतर लिखिए।

Write the difference between Vertical and Horizontal movements.

**प्रश्न-23** मानव विकास की आवश्यकता के पक्ष में किन्हीं चार कारणों को सविस्तार समझाइए। [1+1+1+1=4]

Explain any four reasons in favour of the human development.

*( अथवा )*

*( OR )*

भारत में साक्षरता का विवरण दीजिए।

Describe literacy in India.

**नोट- प्रश्न क्रमांक 24 व 25 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। ( उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है। )**

**Q.No. 24 and 25 are long answer type questions. Each questions carries 5 marks. (Answer word limit-150 words)**

**प्रश्न-24** भारत में बदलती फसल पद्धति की विवेचना कीजिए। [1+1+1+1+1=5]

Discuss the changing pattern of cropping in India.

***( अथवा )***

***( OR )***

खनिज संसाधनों के संरक्षण के विविध उपायों का वर्णन कीजिए। ( कोई 5 )

Describe various methods of conservation of mineral resources. (any five)

**प्रश्न-25** भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए - [1×5=5]

(i) नर्मदा नदी

(ii) अरावली पर्वत

(iii) चेन्नई बंदरगाह

(iv) मुम्बई से कोलकाता रेलमार्ग

(v) लक्षद्वीप।

In outline map of India, show the following -

(i) Narmada River

(ii) Aravali Mountain

(iii) Port of Chennai

(iv) Railway line of Mumbai to Kolkata

(v) Lakshadweep.

***( अथवा )***

***( OR )***

भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए -

(i) ताप्ती नदी

(ii) नीलगिरि पर्वत

(iii) कांडला बंदरगाह

(iv) मुम्बई से दिल्ली रेलमार्ग

(v) अण्डमान निकोबार द्वीप।

**In outline map of India, show the following -**

(i) Tapti River

(ii) Nilgiri Mountain

(iii) Kandla Port

(iv) Mumbai to Delhi Railway line

(v) Andman Nicobar Island.

**नोट- प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।)**

**Q.No. 26 and 27 are long answer type questions. Each questions carries 6 marks. (Answer word limit-250 words)**

**प्रश्न-26** नाइट्रोजन गैस की चक्रीय प्रक्रिया को आरेख की सहायता से स्पष्ट कीजिए। [2+4=6]

Explain the cycle process of Nitrogen gas with the help of a diagram.

***(अथवा)***

***(OR)***

वर्षण कैसे होता है ? वर्षण के विभिन्न रूपों के बारे में बताइए।

How does precipitation occur ? Discuss the various forms of precipitation.

**प्रश्न-27** ज्वारभाटा से क्या तात्पर्य है ? उच्च ज्वार एवं निम्न ज्वार में अन्तर स्पष्ट कीजिए। [2+4=6]

What do you mean by tides ? Distinguish between spring tide and neap tide.

***( अथवा )***

***( OR )***

महासागरों का मानव जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ? समझाइए।

Explain, what effect oceans have on human life ?

***

332076

For. Question No. 25

